कासे कहूँ खोज नहिं काहू । धोखे धारे बहा ॥ २ ॥	कं कथयामि न कोऽपि करोति तथ्यान्वेषणम् । प्रवहन्ति प्रवञ्चनायाः धारायाम् ॥ २ ॥
गुरु तो लोभ प्रतिष्ठा चाहत । शिष स्वारथ सँग आन बँधा ॥ ३ ॥	गुरुः तु वर्तते लोभप्रतिष्ठायाञ्च । शिष्य आबद्धः स्वार्थेन सह ॥ ३ ॥
सच्चा मारग सुरत शब्द का । सो अब गुप्त भया ॥ ४ ॥	सुरतशब्दस्य मार्गः सत्यमार्गः । गुप्तं जातं सोऽधुना ॥ ४ ॥
गुरु चेला पाखंडी कपटी । चौरासी में दोऊ गया ॥ ५ ॥	गुरुशिष्यौ पाषण्डकपटयुक्तौ । द्वौ गतौ चतुरशीत्याम् ॥ ५ ॥
शब्द सरूपी शब्द अभ्यासी । अस गुरु मिले तो पार हुआ ॥ ६ ॥	शब्दस्वरूपवान् शब्दाभ्यासी च । ईदृशः प्राप्तः गुरुः यदा पारं गतः तदा ॥ ६ ॥
सुरतवन्त अनुरागी सच्चा । ऐसा चेला नाम कहा ॥ ७ ॥	सुरतवान् च अनुरागी च सत्यनिष्ठश्च । ईदृशः भवति शिष्यस्य रूपम् ॥ ७ ॥
गुरु भी दुर्लभ चेला दुर्लभ । कहीं मौज से मेल मिला ॥ ८ ॥	गुरुरपि दुर्लभः शिष्योऽपि दुर्लभः । प्रभो इच्छया मिलति मेलः कुत्रापि ॥ ८ ॥
शब्द सुरत बिन जो गुरु होई । ताको छोड़ो पाप कटा ॥ ९ ॥	शब्दसुरतं विना भवति यो गुरुः । त्यज तं गतः कलहः ॥ ९ ॥
राधास्वामी यों कह गाई। बूझ बचन तब काज सरा ॥१०॥	एवमुक्त्वा राधास्वामीदयालवः अगायन् । अवबोध वचनं पूर्णं भविष्यति कार्यं तदा ॥ १० ॥

सारबचन पेज 261 ॥ शब्द चौथा ॥ सतगुरु खोजो री प्यारी	
हिंदी	संस्कृत
सतगुरु खोजो री प्यारी । जगत में दुर्लभ रतन यही ॥१॥	अयि प्रिया अन्वेष्टव्यं सद्गुरुम् । इदमेव दुर्लभं रत्नम् जगति ॥१॥
जिन पर मेहर दया सतगुरु की । उनको दरस दई ॥२॥	सद्गुरो: आशीर्वृष्टि: येषु । तान् दतवान् दर्शनम् ॥२॥
दरस पाय सतलोक सिधारी । सत्त नाम पद कीन्ह सही ॥३॥	प्राप्य दर्शनं प्राप्तं सत्तलोकम् । प्राप्यात् सत्तनामपदम् ॥३॥
सही नाम पाया सतगुरु से । बिन सतगुरु सब जीव बही ॥४॥	प्राप्त: सत्यनाम सद्गुरो: । सद्गुरुं विना प्रवहन्ति सर्वेजीवा: ॥४॥
जीव पड़े चौरासी भरमें । खान पान मद मान लई ॥५॥	भ्रमन्ति जीवा: चतुरशीत्याम् । खादनेपाने च मदमाने च व्यस्ता: ॥५॥
मान मनीं का रोग पसरिया । बड़े बने जिन मार सही ॥६॥	प्रसारित: रोग: मानप्रतिष्ठायाश्च । बृहत्तरे पदप्रतिष्ठायाञ्च सहते ताडनं पीटनञ्च ॥६॥
छोटा रहे चित्त से अन्तर । शब्द माहिं तव सुरत गई ॥७॥	दीनाधीने च चित्तात् घटात् च । आत्मा रमते शब्दे तदा ॥७॥
शब्द बिना सारा जग अंधा । बिन सतगुरु सब भर्ममई ॥८॥	इदमन्धतमं सर्वं जगत् शब्दं विना । सद्गुरुं विना सर्वे भ्रमयुक्ता: ॥८॥
शब्द भेद और शब्द कमाई । जिन जिन कीन्हीं सार लई ॥९॥	शब्दरहस्यं शब्दाभ्यासञ्च । कृतं येन येन गृहीतं सारं तेन तेन ॥९॥
शब्दरता सतगुरु पहिचानो । हम यह पूरा पता दई ॥१०॥	अभिजानातु शब्दे लीनं सद्गुरुम् । प्रदत्त: पूर्णसंकेत: अस्माभि: ॥१०॥
खोलो आँख निकट ही देखो । अब क्या खोलूँ खोल कही ॥११॥	उन्मीलतु चक्षुषी पश्य सन्निकटम् । किमोद्घाटयामि अधुना उदित: स्पष्टत: ॥११॥
आगे भाग तुम्हारा प्यारी । नहिं परखो तो जून रही ॥१२॥	अग्रे तव भाग्यं प्रिया । नाभिजानासि चेत्तर्हि भ्रमे योनिषु ॥१२॥
कहना था सोई कह डाला । राधास्वामी ख़ूब कही ॥१३॥	कथनीयं यदासीत् कथितम् सैव । रा धा/ध: स्व आ मी दयालव: बहु उदितवन्त: ॥१३॥

सारबचन पेज 263 ॥ बचन चौदहवाँ ॥ चितावनी - भाग पहला ॥ ॥ शब्द पहला ॥ धुन से सुरत भई न्यारी रे	
हिंदी	संस्कृत
धुन से सुरत भई न्यारी रे । मन से बँधी कर यारी रे ॥१॥	अयि पृथग् जाता आत्मा ध्वनेः । अयि बद्धः मनसा मित्रतां कृत्वा ॥१॥
भौजाल फँसी झख मारी रे । घर छूटा फिरे उजाड़ी रे ॥२॥	अयि बद्धः भवपाशे कृता दुर्गतिः । अयि अमुञ्चत् गृहं भ्रमति अचेतनजगति ॥२॥
गुरु ज्ञान नहीं चित धारी रे । बिष भोगे बिषय बिकारी रे ॥३॥	अयि न धृतं गुरुज्ञानं चित्ते । अयि भुङ्क्ते विषं निन्द्यं विषयविकारान् च ॥३॥
सिर भार उठावत भारी रे । जम दंड सहे सरकारी रे ॥४॥	अयि धारयति बहुभारं शिरसि । अयि सहते कालस्य न्याय्यं दण्डम् ॥४॥
दुख बिपता बहुत सहारी रे । अब सतगुरु कहत पुकारी रे ॥५॥	अयि असहत बहुदुखं विपत्तिञ्च । अयि कथयति सद्गुरुः आह्वानं कृत्य अधुना ॥५॥
सुन मान बचन मेरा प्यारी रे । घट उलटो लख उजियारी रे ॥६॥	अयि प्रिया श्रृणु अनुपालय च मम वचनम् । अयि उल्लुण्ट्य घटे पश्य प्रकाशम् ॥६॥
शब्दा रस पियो अपारी रे । चढ़ खोलो गगन किवाड़ी रे ॥७॥	अयि पिब शब्दरसं अपारम् । अयि उद्घाटय द्वारं आरुह्य गगनम् ॥७॥
गुरु बिन नहिं और अधारी रे । राधास्वामी काज सुधारी रे ॥८॥	अयि नान्यः आधारः गुरुं विना । अयि पूर्णं करिष्यन्ति कार्यं रा धा/धः स्व आ मी दयालवः ॥८॥

सारबचन पेज 264 ॥ शब्द दूसरा ॥ सुरत तू कौन कहाँ से आई	
हिंदी	संस्कृत
सुरत तू कौन कहाँ से आई ॥टेक॥	कः त्वं आत्मा(सुरतः) कुत्रतः आगतवान् च ॥टेक॥
जगत जाल यह मन रच राखा । क्यों या में भरमाई ॥१॥	मनः रचितवान् जगज्जालमिदम् । कथं भ्रमित अस्मिन् ॥१॥
पुरुष अंस तू सतपुर बासी । फाँसी काल लगाई ॥२॥	त्वं पुरुषांश: सतपुरवासी च । पाशे: बद्धः कालेन ॥२॥
सतगुरु दया साध की संगत । उलट चलो घर पाई ॥३॥	सद्गुरोः दया साधजनस्य संगतिश्च । गच्छ उल्लुण्ट्य प्राप्यते गृहम् ॥३॥
अनहद शब्द सुनो घट भीतर । राधास्वामी कहत बुझाई ॥४॥	श्रृणु अनाहतशब्दं घटे । कथयन्ति रा धा/ध: स्व आ मी दयालवः प्रबोध्य ॥४॥

सारबचन पेज 264 ॥ शब्द तीसरा ॥ झँझरिया झाँको बिरह उमँगाय	
हिंदी	संस्कृत
झँझरिया झाँको बिरह उमँगाय ॥टेक॥	ईक्षस्व षष्ठचक्रस्य छिद्रे विरहं क्षुत्वा ॥टेक॥
मन इन्द्री घर बास बिगाना । या में रहो अलसाय ॥१॥	मनसः इन्द्रियानाञ्च गृहे वासं परकीयम् । करोषि आलस्यमस्मिन् ॥१॥
पूरे सतगुरु मर्म लखावें । भर्म देव छुटकाय ॥२॥	ज्ञापयति रहस्यं पूर्णसद्गुरुः । मोचयति भ्रमम् ॥२॥
अब के दाव पड़ा तेरा सजनी । फिर औसर नहिं पाय ॥३॥	अयि सखि प्राप्तः अनुकूलसमयः त्वया अधुना । पुनः न प्राप्स्यसि अवसरम् ॥३॥
तिल को पेल तेल अब काढ़ो । लो घट जोति जगाय ॥४॥	विमथ्य षष्ठचक्रं निष्कासये: रमणीयं सारम् । जागृहि ज्योतिं घटे ॥४॥
राधास्वामी कहा बुझाई । एक ठिकाना गाय ॥५॥	उदितवन्तः रा धा/ध: स्व आ मी दयालवः अवबुध्य । अगायत् प्रथमस्थानम् ॥५॥

सारबचन पेज 265 ॥ शब्द चौथा ॥ करोरी कोइ सतसँग आज बनाय	
हिन्दी	संस्कृत
करोरी कोइ सतसँग आज बनाय ॥ टेक ॥	अयि कुर्यात् सत्संगं कोऽपि अद्यावधानेन ॥ टेक ॥
नर देही तुम दुर्लभ पाई । अस औसर फिर मिले न आय ॥ १ ॥	प्राप्तः त्वया दुर्लभः नरदेहः । ईदृग् अवसरः न प्राप्तः भवति पुन :॥ १ ॥
तिरिया सुत धन धाम बड़ाई । यह सुख फिर दुखमूल दिखाय ॥ २ ॥	स्त्रीसुतधनधामप्रशंसाः। सुखोऽयं दर्शयति दुःखमूलं पुनः॥ २ ॥
या से बचो गहो गुरु सरना । सतसँग में तुम बैठो जाय ॥ ३ ॥	दूरं भव एभ्यः गच्छतु गुरुशरणम् । गत्वा सत्संगे तिष्ठ त्वम् ॥ ३ ॥
यह सब खेल रैन का सुपना । मैं तुमको अब दिया जगाय ॥ ४ ॥	इयं सर्वा खेला रात्रिस्वप्नवत् । अचेतयत् मया त्वमधुना ॥ ४ ॥
झूठी काया झूठी माया । झूठा मन जो रहा लुभाय ॥ ५ ॥	अनृतदेह अनृता माया च। अनृतं मनः यः मोहयति॥ ५ ॥
सतसँग सच्चा सतगुरु सच्चा । नाम सचाई क्या कहूँ गाय ॥ ६ ॥	सत्संगः सत्यम् सद्गुरुः सत्यम् । किं गायेयं नाम्नः सत्यताम्॥ ६ ॥
मान बचन मेरा तू सजनी । जन्म मरन तेरा छुट जाय ॥ ७ ॥	अयि प्रिया स्वीकरोतु मम वचनम् । तव जन्म मृत्युश्च मुञ्चेः॥ ७ ॥
नभ चढ़ चलो शब्द में पेलो । राधास्वामी कहत बुझाय ॥ ८ ॥	अधिरोहतु नभसि संविशतु शब्दे च । वदन्ति राधास्वामीदयालवः प्रबोध्य॥ ८ ॥

सारबचन पेज 267 ॥ शब्द पाँचवाँ ॥ सुरत तू क्यों न सुने धुन नाम	
हिन्दी	संस्कृत
सुरत तू क्यों न सुने धुन नाम ॥ टेक ॥	अयि आत्मा (सुरतः) कथं न श्रृणोषि शब्दस्य ध्वनिं त्वम्॥टेक॥
भूलभुलइयाँ आन फँसानी क्या समझा आराम । भला तू समझ चेत चल धाम ॥ १ ॥	बद्धीभूत: आगत्य जगतः चक्रे किं ज्ञातं विश्रामम् । शुभं भवेत् यत्त्वं प्रबुध्य गच्छ स्वधाम्नि॥१॥
मन इन्द्री सँग भोग बिलासा । यह जमराय बिछाया दाम ॥ २ ॥	मनसा इन्द्रियैश्च साकं भोगः विलासश्च । कालेन प्रसारितः पाशमिदम्॥२॥
इनसे निकर भाग अब प्यारी । सतगुरु मर्म लखावें ताम ॥ ३ ॥	सम्प्रति प्रिया त्वम् एभ्यः निर्गच्छ धाव च । सद्गुरु: बोधयति सर्वं रहस्यं त्वाम् ॥३॥
अब की बार पड़ो गुरु सरना । फिर न बने अस काम ॥४॥	गच्छ गुरुशरणम साम्प्रतम् । न सिद्धं भविष्यति एतद् कार्यं पुनः॥४॥
यहाँ तो चार दिवस रहे बासा । फिर भटको चौरासी ग्राम ॥ ५ ॥	अत्र तु निवासः चतुर्दिवसपर्यन्तम् । पुन: भ्रंशिष्यसे चतुरशीतियोनिषु॥५॥
ता ते बचन हमारा मानो । तजो मोह और काम ॥ ६ ॥	अतएव मनुष्व अस्माकं वचनम् । त्यज मोहं कामनां च॥६॥
मन बौरा यह कहा न माने । लगा भोग रस खाम ॥ ७ ॥	हतकः मनः न मनुते वचनमिदम् । संलग्नः तुच्छभोगानां रसे॥७॥
जीव निबल क्या करे बिचारा । जब लग राधास्वामी करें न सहाम ॥८॥	किं कुर्यात् वराकः दुर्बल: जीव: । यावत्पर्यन्तं रा धा/ध: स्व आ मीदयालवः न भवन्ति सहायका:॥८॥

सारबचन पेज 267 ॥ शब्द छठवाँ ॥ जाग चल सूरत सोई बहुत	
हिन्दी	संस्कृत
जाग चल सूरत सोई बहुत । काहे को पूँजी अपनी खोत ॥ १ ॥	जागृया आत्मा (सुरतः) बहु अशेथा: । कथं नश्यसि स्व चैतन्यम् ॥ १ ॥
पकड़ ले सतगुरु की तू ओट नाम गह दूर करो सब खोट ॥ २ ॥	गृह्णीयाः सद्गुरोः आश्रय: त्वया । गृहीत्वा नाम दूरं कुरु सर्वे दोषाः ॥ २ ॥
काल अब मारे छिन छिन चोट । शब्द सँग डार कर्म की पोट ॥ ३ ॥	इदानीं काल: करोति आघातं प्रतिक्षणम् । शब्देन सह क्षिप पोटलिकां कर्मणाम्॥ ३ ॥
मैल मन क्यों नहिं अब तू धोत । शब्द सँग सूरत क्यों नहिं पोत ॥ ४ ॥	मनसः मालिन्यं कथं न प्रक्षालयसि त्वमधुना । कथं न युनक्षि आत्मानं शब्देन सह॥ ४ ॥
निरख ले घट में अद्भुत जोत । खोलिया राधास्वामी भक्ती सोत ॥५ ॥	पश्य अद्भुतं प्रकाशं घटे । उद्घाटितं रा धा/ध: स्व आ मीदयालवः भाण्डागारं भक्तेः॥ ५ ॥

सारबचन पेज 268 ॥ शब्द सातवाँ ॥ हित कर कहता सुन सुर्त बात	
हिंदी	संस्कृत
हित कर कहता सुन सुर्त बात । ग़ोता मत खा मूरख साथ ॥१॥	अयि आत्मा श्रृणु कथयामि हितकरवचनम् । मा निमज्ज हतकमनसा सह अहर्निशम् ॥१॥
काम सँग बहती दिन और रात । मिला तोहि भटक भटक यह गात ॥२॥	प्रवहति कामनाभिः साकं अहर्निशम् । भ्रान्तं भ्रान्तं प्राप्तं देहमिदम् ॥२॥
लगा ले नौका सतगुरु घाट । मिटा ले प्यारी जम की घात ॥३॥	युङ्क्ष्व नौकां सद्गुरुघट्टे । प्रिया नश्य यमस्य प्रहारम् ॥३॥
छोड़ दे मन से सब उतपात । रखो नहिं मन में ज़ात और पाँत ॥४॥	त्यज सर्वे उत्पाताः मनसः । मा धर जातिभेदं मनसि ॥४॥
बिघ्न यह भारी बुधि भरमात । कहूँ क्या कौन सुने मेरी तात ॥५॥	बृहद् माम् विघ्नोऽयं भ्रमति बुद्धिम् । हे तात! किं कथयेयं कः श्रृणोति मम ॥५॥
करें कोइ सतगुरु तोहि निज दात । नाम का भेद लखा धुन पात ॥६॥	विरलः कोऽपि सन्तः कुर्यात् आशीर्वृष्टिम् त्वाम् । ज्ञातं नाम्नः भेदं श्रुतं ध्वनिम् ॥६॥
कहें यह राधास्वामी अचरज बात । मिले जब सतसँग सरन समात ॥७॥	कथयन्ति रा धा/धः स्व आ मी दयालवः अद्भुतं वचनम् । प्राप्येत् यदा सत्संगः गच्छ शरणम् ॥७॥

सारबचन पेज 269 ॥ शब्द आठवाँ ॥ हे सहेली अब गुरु के मारग चलना	
हिंदी	संस्कृत
हे सहेली अब गुरु के मारग चलना । मन मारग छिन छिन तजना ॥१॥	अयि सखि अनुसर गुरुमार्गमधुना । त्यज मनमार्गं प्रतिक्षणम् ॥१॥
कामादिक भोग बिसरना । धुन सुन कर नभ पर चढ़ना ॥२॥	विस्मरेत् कामादिभोगान् । ध्वनिं श्रुत्वा अरोहेत् नभसि ॥२॥
जग भट्टी में क्यों जलना । मद मान मोह नहिं पचना ॥३॥	कथं दहेत् जगतः भट्ट्याम् । मा पचेत् मदमानमोहेषु ॥३॥
धीरे धीरे नाम रसायन जरना । भौजल से यों ही तरना ॥४॥	शनैः शनैः पचेत् नामरसायनम् । एवं पारं गच्छेत् भवसागरात् ॥४॥
राधास्वामी बचन पकड़ना । फिर जम से काहे को डरना ॥५॥	गृह्णीयात् राधास्वामीवचनम् । तदा कथं बिभीयात् यमात् ॥५॥

सारबचन पेज 269 ॥ शब्द नवाँ ॥ क्यों फिरत भुलानी जक्त में	
हिन्दी	संस्कृत
क्यों फिरत भुलानी जक्त में । दिन चार बसेरा ॥ १ ॥	कथं भ्रमसि जगतिः विस्मृता । चतुर्दिवसपर्यन्तं वास:॥ १ ॥
स्वारथ के संगी सभी । जिन तुझ को घेरा ॥ २ ॥	सर्वे स्वार्थस्य सङ्गिन:। ये परिक्रमितवन्तः त्वाम्॥ २ ॥
मात पिता सुत इस्तिरी । कोई संग न हेरा ॥ ३ ॥	पितरौ च पुत्र: च स्त्री च। न कोऽपि करोति सङ्गम्॥ ३ ॥
बिन गुरु सतगुरु कौन है । जो करे निबेड़ा ॥ ४ ॥	विना गुरुं सद्गुरुं क अस्ति । य: मोचयेत्॥ ४ ॥
नाम बिना सब जीव । करें चौरासी फेरा ॥ ५ ॥	विना नाम सर्वे जीवा:। कुर्वन्ति भ्रमणं चतुरशीत्याम्॥ ५ ॥
मन दुलहा गगना चढ़े । सज सूरत सेहरा ॥ ६ ॥	मनवर: अराहेत् गगने । अलङ्कृत्य आत्मा रूपं विवाहस्य मुकुटम्॥ ६ ॥
धुन दुलहिन को पाय कर । बसे जाय त्रिकुटी देहरा ॥ ।७॥	प्राप्य ध्वनिवधूम्। वसेत् गत्वा त्रिकुटीविश्रामस्थले॥ ७ ॥
राधास्वामी ध्यान धर । तू साँझ सवेरा ॥ ८ ॥	ध्यानं धरेत् राधास्वामीदयालूनाम्। त्वं सायंप्रातः च काले॥ ८ ॥

सारबचन पेज 270 ॥ शब्द दसवाँ ॥ सुरत तू दुखी रहे हम जानी	
हिंदी	संस्कृत
सुरत तू दुखी रहे हम जानी ॥टेक॥	आत्मा (सुरतः) त्वं दुःखी असि जानीमः वयम् ॥टेक॥
जा दिन से तुम शब्द बिसारा । मन सँग यारी ठानी ॥१॥	अविस्मरत् शब्दं त्वया यस्मात् दिवसात् । निश्चयीकृतं मित्रतां मनसा सह ॥१॥
मन मूरख तन साथ बँधानी । इन्द्री स्वाद लुभानी ॥२॥	बद्धः मूर्खमनसा सह तनुना सह च । लुब्धः इन्द्रियभोगैः सह ॥२॥
कुल परिवार सभी दुखदाई । इन सँग रहत भुलानी ॥३॥	कुलकुटुम्बं सर्वं दुःखदम् । संलीनः एभिः सह ॥३॥
तू चेतन यह जड़ सब मिथ्या । क्योंकर मेल मिलानी ॥४॥	त्वं चेतनः अचेतनं इदं सर्वं मिथ्या । कथं मेलं मिलेत् ॥४॥
ताते चेत चलो यह औसर । नहिं भरमो तुम खानी ॥५॥	अतः चैतन्यं भूत्वा चलतु अस्मिन् अवसरे । अन्यथा भ्रमिष्यसि योनिषु ॥५॥
सतसँग करो सत्तपद खोजो । सतगुरु प्रीति समानी ॥६॥	कुरू सत्संगं कुरू अन्वेषणं सत्तपदस्य । सद्गुरुणा सह प्रीतिं युङ्क्ष्व ॥६॥
नाम रतन गुरु देयँ बुझाई । उलट चढ़ो असमानी ॥७॥	गुरुणा अबोधयत् नामरूपं रत्नम् । अधिरोहतु गगने उल्लुण्ट्य ॥७॥
इतना काम करो तुम अबके । फिर आगे की सतगुरु जानी ॥८॥	कुरू एतावत् कर्म इदानीम् । अग्रे जानाति सद्गुरुः ॥८॥
राधास्वामी कहन सम्हारो । दुख छूटे सुख मिले निशानी ॥९॥	ध्यातव्यं रा धा/धः स्व आ मी दयालोः कथनम् । मुञ्चेत् दुःखं प्राप्नुयात् सुखसंकेतम् ॥९॥

सारबचन पेज 271 ॥ शब्द ग्यारहवाँ ॥ सुरत तू कौन कुमति उरझानी	
हिंदी	संस्कृत
सुरत तू कौन कुमति उरझानी ॥टेक॥	आत्मा त्वं कस्यां कुमत्यां उत्पशित: ॥टेक॥
मन के साथ फिरे भरमानी । गुरु की सुने न बानी ॥१॥	भ्रमसि मनसा सह । न श्रृणोषि गुरुवचनम् ॥१॥
कनक कामिनी लागी प्यारी । रैन दिवस इन सँग लिपटानी ॥२॥	रोचसे कनकं कामिनी । अहर्निशं लिप्लिम्पसि आभ्यां सह ॥२॥
मोह जाल यह काल बिछाया । दाना डाला जीव फँसानी ॥३॥	अप्रसारयत् कालः मोहजालमिदम् । अविक्षिपन् भोगविलासा: अपाशयत् जीवञ्च ॥३॥
तू अनजान पड़ी लालच में । बहुत होय तेरी हानी ॥४॥	अज्ञः त्वं लिप्सायाम् अपतः । भवेत् तव बहुहानिः ॥४॥
मैं समझाय कहूँ अब तो से । गुरु बिन कौन बचानी ॥५॥	अवबोध्य कथयामि अहमधुना त्वाम् । कः रक्षितुं क्षमः गुरुं विना ॥५॥
गुरु से प्रीति करो जग जारो । तन मन दशा भुलानी ॥६॥	कुरु प्रीतिं गुरुणा सह प्रज्वाल जगत् च । विस्मृता जाता दशा तनुमनसोः ॥६॥
नाम रसायन गुरु से पावो । छूटे सब हैरानी ॥७॥	नामरसायनं प्राप्नुयाः गुरोः । मुञ्चेयुः कष्टानि सर्वाणि ॥७॥
फिर तू चढ़े गगन के नाके । तन से होय अलगानी ॥८॥	तदा आरुहया: गगनस्य द्वारे त्वम् । पृथग् भूत्वा तनोः ॥८॥
जम की घात बचा ले प्यारी । राधास्वामी कहत बखानी ॥९॥	प्रिया भव सुत्रातं यमाघातात् । रा धा/ध: स्व आ मी प्रिया: कथयन्ति वर्णित्वा ॥९॥

सारबचन पेज 273 ॥ शब्द बारहवाँ ॥ जग में घोर अंधेरा भारी	
हिन्दी	संस्कृत
जग में घोर अंधेरा भारी । तन में तम का भंडारा ॥१॥	गहनान्धकारः जगति । तनौ भाण्डागार: तिमिरस्य ॥१॥
स्वप्न जाग्रत दोनों देखी । भूलभुलइयाँ धर मारा ॥२॥	दृष्टा स्वप्नजाग्रतावस्था च द्वे । भ्रान्तिचक्रेण व्यथित: ॥२॥
जीव अजान भया परदेशी । देश बिसर गया निज सारा ॥३॥	अज्ञ: जीव: परदेशीय: । विस्मृत: स्वकीय: विशुद्धदेश: ॥३॥
फिरे भटकता खान खान में । जोनि जोनि बिच झख मारा ॥४॥	परिभ्रंशते जरायुजादि योनिषु । प्रतियोनिं व्यथित: भवति ॥४॥
दम दम दुखी कष्ट बहु भोगे। सुने कौन अब बहु हारा ॥५॥	आत्मना दु:खी भुनक्ति बहुदु:खम् । क: श्रूयात् सम्प्रति अतिश्रान्त: इदानीम् ॥५॥
करे पुकार कारगर नाहीं । पड़े नर्क में जम धारा ॥६॥	करोति आह्वानं नास्ति साधकम् । नरके यमधारायां पतति॥६॥
भटक भटक नरदेही पाई । इन्द्री मन मिल यहाँ मारा ॥७॥	प्राप्तवान् नरदेहं मार्गात् परिभ्रंश्य परिभ्रंश्य । इन्द्रियं मनश्च संमिल्य अत्र अताड्यताम् ॥७॥
सतगुरु संत कहें बहुतेरा । राह बतावें दस द्वारा ॥८॥	बहु कथयति सद्गुरुसंत:। वर्णयति मार्गं दशं द्वारस्य ॥८॥
बचन न माने कहन न पकड़े । फिर फिर भरमे नौ वारा ॥९॥	न मनुते वचनं न गृह्णाति कथनम् । पुनः पुनः भ्रमति नवद्वारेषु ॥९॥
फोकट धर्म पकड़ कर जूझे । बूझे न शब्द जुगत पारा ॥१०॥	स्वीकृत्य नि:सारधर्मं पीडितः भवति । नावबोधति शब्दं न युक्तिं पारकर्तुम् ॥१०॥
पानी मथे हाथ कुछ नाहीं । क्षीर मथन आलस भारा ॥११॥	मथति जलं न हस्तगतं किमपि । क्षीरं मथितुं महालस्यम् ॥११॥
जीव अभाग कहूँ मैं क्या क्या । बाहर भरमे भौजारा ॥१२॥	किं किं कथयेयं हतक: जीव: । भ्रमति बहिः भवपाशे ॥१२॥
अंतरमुख जो शब्द कमाई । ता में मन को नहिं गारा ॥१३॥	य: शब्दाभ्यासः अंर्तमुखम् । न युनक्ति मन: तस्मिन् ॥१३॥
वेद शास्त्र स्मृत और पुराना । पढ़ पढ़ सब पंडित हारा ॥१४॥	वेदशास्त्रस्मृतिपुराणानि । संपठ्य संपठ्य श्रान्ताः पण्डिताः ॥१४॥
बिन सतगुरु और बिना शब्द सुर्त । कोई न उतरे भौ पारा ॥१५॥	सद्गुरुं विना सुरतशब्दं विना च । न कोऽपि संतरति भवसागरात् पारम् ॥१५॥
यही बात भाषी मैं चुनकर । अब तो मानो गुरु प्यारा ॥१६॥	इयमेव वार्ता अभाषे चित्वा अहम् । गुरुप्रिय: मनुष्व साम्प्रतम् त्वम् ॥१६॥
राधास्वामी कहा बुझाई ।	प्रबुध्य अकथयन् रा धा/ध: स्व आ मीदयालवः ।

सुरत चढ़ाओ नभ द्वारा ॥१७॥	आरुह्यात् आत्मानं नभद्वारम् ॥१७॥

सारबचन पेज 275 ॥ शब्द तेरहवाँ ॥ चल री सुरत अब	
चल री सुरत अब गुरु के देश । जहाँ न काया कर्म कलेश ॥१॥	अयि आत्मा इदानीं चलेत् गुरुदेशं प्रति । यत्र न कायः न च कर्म न क्लेशश्च ॥१॥
तन मन इन्द्री यह परदेश। छोड़ो भेष भवन का लेश॥२॥	तनुमनइन्द्रियानाम् अयं परकीयः देश । त्यज देहस्य जगतश्च सम्बन्धम् ॥२॥
सुनो कान से गुरु संदेश । सुरत शब्द ले धाओ शेष ॥३॥	श्रूयात् कर्णाम्यां गुरुसन्देशम् । सुरत शब्देन सह धावेत् परं पदं प्रति ॥३॥
ब्रह्मा विष्णु न गौरि गनेश । जहाँ न नारद सारद शेष ॥४॥	न ब्रह्मा विष्णुश्च न गौरी गणेशश्च । यत्र न नारदशारदाशेषनागाः ॥४॥
संत सुरत जहाँ किया प्रवेश । सतगुरु दया मिला वह देश ॥५॥	यत्र प्रविष्टः संतसुरतः । सद्गुरुदययया प्राप्तः सः देशः ॥५॥
काल कर्म की गई न पेश । तोड़े दाँत और काटे नेश ॥६॥	न चलितं वशं कालकर्मणोः । अत्रोटयन् दन्ताः अकर्तयन् दंशाः च ॥६॥
सतगुरु को अब करूँ अदेश। राधास्वामी पूरे धनी धनेश ॥७॥	वन्दे सद्गुरुम् अधुना। रा धा/ध: स्व आ मीप्रभुः पूर्णधनी धनेशश्च ॥७॥

॥ बचन पन्द्रहवाँ ॥	
॥ चितावनी भाग दूसरा ॥	
सारबचन पेज 276 ॥ शब्द पहला ॥चेत चलो यह सब जंजाल	
चेत चलो यह सब जंजाल । काम न आवे कुछ धन माल ॥१॥	सावधानतया चल सर्व: आयास: अयम् । न किमपि प्रयोजनम् एतस्य धनस्य ॥१॥
गुरु चरन गहो लो नाम सम्हाल । सतसँग करो धरो अब ख़्याल ॥२॥	गुरुचरणौ गृहाण अभिरक्ष नाम च। कुरु सत्संगं धर ध्यानम् ॥२॥
काम क्रोध सँग मन पामाल । भर्म भुलाना कर्मन नाल ॥३॥	कामक्रोधाभ्यां सह पद्दलितं मनः । विस्मृतः जात: भ्रमेषु कर्मै: सह ॥ ३ ॥
कहा कहूँ यह मन का हाल । रोग सोग सँग होत बेहाल ॥४॥	किं कथयेयं मनसः दशाम् इमाम् । व्यथितः भवति रोगेण शोकेन च सह ॥४॥
जीव गिरासे जम और काल । देखत जग में यह दुख साल ॥५॥	यमकालौ गिरतः जीवम् । पश्यति जगति इदं दुःखं कष्टञ्च ॥५॥
तौ भी चेत न पकड़े ढाल । छिन छिन मारे काल कराल ॥६॥	तथापि न गृह्णाति प्रहाररोधकं चैतन्यीभूय । प्रतिक्षणं हन्ति करालकाल: ॥६॥
राधास्वामी गुरु जब होयँ दयाल । चरन शरन दे करें निहाल ॥७॥	यदा भवेत् रा धा/ध: स्व आ मी गुरुः दयालुः । दत्वा चरणशरणं कुर्यात प्रसन्नम् ॥७॥

सारबचन पेज 277 ॥ शब्द दूसरा ॥ लाज जग काज बिगाड़ा री	
हिन्दी	संस्कृत
लाज जग काज बिगाड़ा री। मोह जग फंदा डारा री ॥ १ ॥	अयि जगतः लज्जा अविकारयत् कार्यम्। अयि जगतः मोहेन पाशे बद्धः॥ १ ॥
कुटँब की यारी ख़्वारी री। काल सँग ब्याही क्वारी री ॥ २ ॥	अयि कुटुम्बेन सह मित्रता त्रुटिः। अयि विवाहितः कन्या कालेन सह॥ २ ॥
कर्म ने फाँसी डारी री। करे जम हाँसी भारी री ॥ ३ ॥	अयि अपाशयत् कर्म। अयि बहु हसति यमः॥ ३ ॥
मरन की सुद्धि बिसारी री । देह अब लागी प्यारी री ॥ ४ ॥	अयि विस्मृतं मरणम्। अयि प्रियः प्रतीयते देहः साम्प्रतम्॥ ४ ॥
मान में खप गई सारी री। पोट सिर भारी धारी री ॥ ५ ॥	अयि विनष्टाः सर्वा अहंकारे। अयि शिरसि धृता बृहद्पोटलिका॥ ५ ॥
जीत कर बाज़ी हारी री। चाह जग की नहिं मारी री ॥ ६ ॥	अयि जित्वा पराजितः पुरुस्कारः। अयि न त्यक्ताः जगद्वासनाः॥ ६ ॥
राधास्वामी कहत पुकारी री। करो कोइ जतन बिचारी री ॥ ७ ॥	अयि राधास्वामी दयालवः कथयन्ति आहवानं कृत्य । अयि विचार्य कोऽपि उपायं कुरु॥ ७ ॥
गुरू सँग करो सुधारी री। नाम रस पियो अपारी री ॥ ८ ॥	अयि कुरु अनुकूलं गुरुणा सह। अयि पिब अपारं नामरसम्॥ ८ ॥

सारबचन पेज 278 ॥ शब्द तीसरा ॥ मत देख पराये औगुन	
हिंदी	संस्कृत
मत देख पराये औगुन । क्यों पाप बढावे दिन दिन ॥१॥	मा पश्य परावगुणान् । कथं वर्धसे पापं प्रतिदिनम् ॥१॥
पर जीव सतावे खिन खिन । छोड़ अपने औगुन गिन गिन ॥२॥	पीडयसि परजीवं प्रतिक्षणम् । त्यज स्वावगुणान् विगणय्य विगणय्य ॥२॥
मक्खी सम मत कर भिन भिन । नहिं खावे चोट तू छिन छिन ॥३॥	मक्षिका समं मा कुरु गुञ्जनं पुनर्पुनः । अन्यथा चुटितं भविष्यसि प्रतिपलम् ॥३॥
देखा कर सब के तू गुन । सुख मिले बहुत तोहि पुन पुन ॥४॥	पश्येः सर्वेषां गुणान् त्वम् । प्राप्स्यसि बहुसुखं त्वं पुनर्पुनः ॥४॥
मैं कहूँ तोहि अब गुन गुन । तू मान बचन मेरा सुन सुन ॥५॥	अहं वदामि विचार्य विचार्य त्वाम् । श्रावं श्रावं मनुष्व मम वचनं त्वम् ॥५॥
गति गाई मैं यह हंसन । यों बर्ण सुनाई संतन ॥६॥	अगायम् अहम् इयं दशा हंसानाम् । एवं वर्णयित्वा संतजनाः अश्रावयन् ॥६॥
अब कान धरो इन बचनन । नहिं रोवोगे सिर धुन धुन ॥७॥	सम्प्रति श्रृणु इमान् वचनान् । अन्यथा रोदिष्यसि शिरः ताडं ताडम् ॥७॥
यह बात कही मैं चुन चुन । कर राधास्वामी चरन अस्पर्सन ॥८॥	उदिता मया इयं वार्ता चित्वा चित्वा । रा धा/धः स्व आ मीचरणौ संस्पृशय ॥८॥

सारबचन पेज 279 ॥ शब्द चौथा ॥ मुसाफ़िर रहना तुम हुशियार	
हिंदी	संस्कृत
मुसाफ़िर रहना तुम हुशियार । ठगों ने आन बिछाया जाल ॥१॥	पथिक: भव त्वं सचेत: । वञ्चकाः आगत्य प्रसारितं जालम् ॥१॥
अकेले मत जाना इस राह । गुरू बिन नहिं होगा निरबाह ॥२॥	मा गच्छ एकाकी मार्गे अस्मिन् । गुरुं विना मा भूयात् निर्वाहम् ॥२॥
जमा सब लेंगे तेरी छीन । करेंगे तुझको अपना दीन ॥३॥	तव सर्वं सम्पत्तिं बलात् ग्रहीष्यन्ति । स्व अधीनं करिष्यन्ति त्वाम् ॥३॥
ठगों ने रोका सब संसार । गुरू बिन पड़ गई सब पर धाड़ ॥४॥	वञ्चका अरुन्धन् सर्वं संसारम् । गुरुं विना अलुण्ठन् सर्वे ॥४॥
मान लो कहना मेरा यार । संग इन तजना पकड़ किनार ॥५॥	मित्रं मनुष्व मम कथनम् । त्यज एषां संगतिं पृथग्भूत्वा ॥५॥
गुरू बिन और न कोइ रखवार । कहूँ मैं तुमसे बारम्बार ॥६॥	नान्यः कोऽपि संरक्षकः गुरुं विना । कथयामि त्वां पुनर्पुन अहम् ॥६॥
होयगी मंजिल तेरी पार । गुरू से करले दृढ़ कर प्यार ॥७॥	पूर्णं भविष्यति तव लक्ष्यम् । कुरु दृढप्रीतिं गुरुणा सह ॥७॥
गुरू के चरन पकड़ यह सार । इन्द्री भोग भुलावत झाड़ ॥८॥	गृहाण गुरुचरणौ सारोऽयम् । इन्द्रियभोगाः विस्मारयन्ति सर्वान्॥८॥
यही हैं ठगिया करत ठगार । कहें राधास्वामी तोहि पुकार ॥९॥	इमे एव वञ्चकाः कुर्वन्ति वञ्चनं च । कथयन्ति रा धा/धः स्व आ मी दयालवः त्वाम् आहवानं कृत्य ॥९॥
सरन में आ जा लेउ सम्हार । नाम संग होजा होत उधार ॥१०॥	आगच्छ शरणं करोमि रक्षणम् । भव नाम्ना साकं भवेत् उद्धारः ॥१०॥

सारबचन पेज 280 ॥ शब्द पाँचवा ॥ मित्र तेरा कोई नहीं सँगियन में	
हिंदी	संस्कृत
मित्र तेरा कोई नहीं सँगियन में । पड़ा क्यों सोवे इन ठगियन में ॥१॥	न कोऽपि तव मित्रं सखिषु । कथं शेषे एषु वञ्चकेषु ॥१॥
चेत कर प्रीति करो सतसँग में । गुरू फिर रंग दें नाम अरँग में ॥२॥	सावधानतया कुरु प्रीतिं सत्सङ्गे । तदा रिङ्गेत् गुरुः निर्मलनाम्नि ॥२॥
धन संपति तेरे काम न आवे । छोड़ चलो यह छिन में ॥३॥	न किमपि प्रयोजनं धनसम्पत्तेः तव कृते । परित्यज्य इदं चल क्षणे च ॥३॥
आगे रैन अँधेरी भारी । काज करो कुछ दिन में ॥४॥	अग्रे रात्रिः अति गहना । कुरु किञ्चित् कार्यं यावत्पर्यन्त दिनं तावत् ॥४॥
यह देही फिर हाथ न आवे । फिरो चौरासी बन में ॥५॥	न पुनः प्राप्स्यति देहोऽयम् । परिभ्रंशेत चतुरशीत्यां योनिषु ॥५॥
गुरु सेवा कर गुरू रिझाओ । आओ तुम इस ढँग में ॥६॥	कृत्वा गुरुसेवां प्रसन्नं कुर्यात् गुरुम् । स्वीकुरु अमुं विधिम् ॥६॥
गुरु बिन तेरा और न कोई । धार बचन यह मन में ॥७॥	नान्यः कोऽपि गुरुं विना तव । मनसि धरेत् वचनमिदम् ॥७॥
जक्त जाल में फँसो न भाई । निस दिन रहो भजन में ॥८॥	भ्राता मा बद्धीभव जगद्पाशे । रमस्व भजने प्रतिदिनम् ॥८॥
साध गुरू का कहना मानो । रहो उदास जगत में ॥९॥	मनुष्व वचनं साधगुरोः । भव उदासीनं जगति ॥९॥
छल बल छोड़ो और चतुराई । क्यों तुम पड़ो कुगति में ॥१०॥	त्यज छलं च बलं च चातुर्यञ्च । कथं पते: कुगत्यां त्वम् ॥१०॥
सुमिरन करो गुरू को सेवो । चल रहो आज गगन में ॥११॥	कुरु स्मरणं सेवस्व गुरुञ्च । गगने चल अधुना ॥११॥
कल की ख़बर काल फिर लेगा । वहाँ तुम जलो अगिन में ॥१२॥	भविष्ये कालः करिष्यति दण्डात्मिकां कार्यवाहीम् । तत्र त्वं ज्वले: नरकाग्नौ ॥१२॥
अबही समझ देर मत करियो । ना जानूँ क्या होय इस पन में ॥१३॥	साम्प्रतं अवबोध मा कुरु विलम्बम् । न जानामि किं भवेत् अस्याम् अवस्थायाम् ॥१३॥
यों समझाय कहें राधास्वामी । मानो एक बचन में ॥१४॥	एवं प्रबोध्य कथयन्ति रा धा/ध: स्व आ मी दयालव:। मनुष्व एकस्यां वाचि ॥१४॥

सारबचन पेज 281-282 ॥ शब्द छठवाँ ॥ मौत से डरत रहो दिन रात	
हिंदी	संस्कृत
मौत से डरत रहो दिन रात ॥टेक॥	बिभीयात् मरणात् अहर्निशम् ॥टेक॥
एक दिन भारी भीड़ पड़ेगी । जम खूँदेंगे धर धर लात ॥१॥	एकदिने बहुविपत्ति: भविष्यति । यमदूताः परिपेक्ष्यन्ति पादाभ्याम् ॥१॥
वा दिन की तुम याद बिसारी । अब भोगन में रहो भुलात ॥२॥	विस्मृतं स्मरणं तस्य दिवसस्य । सम्प्रति विस्मरसि भोगेषु ॥२॥
एक दिन काठी बने तुम्हारी । चार कहरवा लादे जात ॥३॥	एकदिने भविष्यति शवशय्या तव । चत्वार: कहारा: भारं वक्ष्यन्ति ॥३॥
भाई बंद कुटँब परिवारा । सो सब पीछे भागे जात ॥४॥	भ्राताबन्धुश्च कुटुम्बपरिवारश्च । सर्वे ते अनुधाविष्यन्ति ॥४॥
आगे मरघट जाय उतारा । तिरिया रोये बिखेरे लाट ॥५॥	अग्रे श्मशाने अवतारिष्यन्ति । पत्नी केशानवकीर्य रोदिष्यति ॥५॥
वहाँ जमपुर में नर्क निवासा । यहाँ अग्नी में फूँके जात ॥६॥	तत्र नरकवासः यमपुरे । अत्र अग्नौ ज्वालनम् ॥६॥
दोनों दीन बिगाड़े अपने । अब नहिं सुनता सतगुरु बात ॥७॥	द्वौ स्वलोकपरलोकौ अविकारयताम् । साम्प्रतं न श्रृणोति सद्गुरुवचनम् ॥७॥
वा दिन बहु पछतावा होगा । अब तुम करते अपनी घात ॥८॥	तस्मिन् दिने भविष्यति बहुपश्चात्तापः । इदानी करोषि त्वं स्वहानिम् ॥८॥
ज्वानी गई बृद्धता आई । अब कै दिन का इनका साथ ॥९॥	गता युवावस्था आगता वृद्धावस्था । अधुना कति दिवसपर्यन्तं वास: एभि: सह ॥९॥
चेत करो मानो यह कहना । गुरु के चरन झुकाओ माथ ॥१०॥	चैतन्यं भव मनुष्व वचनम् इदम् । नतमस्तकं भव गुरु चरणयो: ॥१०॥
राधास्वामी कहत सुनाई । अब तुमको बहु बिधि समझात ॥११॥	कथयन्ति रा धा/ध: स्व आ मी दयालवः श्रावयित्वा । अधुना बोधयामि त्वां अनेकविधिभिः ॥११॥

सारबचन पेज 283 ॥ शब्द सातवाँ ॥ बंधे तुम गाढ़े बंधन आन	
हिंदी	संस्कृत
बंधे तुम गाढ़े बंधन आन ॥टेक॥	त्वं प्रगाढ़बन्धनेषु बन्धितवान् आगत्य ॥टेक॥
पहले बंधन पड़ा देह का । दूसरा तिरिया जान ॥१॥	प्रथमं बन्धनं देहस्य । द्वितीयं जानीहि स्त्रीम् ॥१॥
तीसर बंधन पुत्र बिचारो । चौथा नाती मान ॥२॥	तृतीयं बन्धनं विद्धि पुत्रम् । चतुर्थ पौत्रं मनुष्व ॥२॥
नाती के कहिं नाती होवे । फिर कहो कौन ठिकान ॥३॥	पौत्रस्य कदापि पौत्रं जन्यात् । तदा का स्थितिः भवेत् ॥३॥
धन संपति और हाट हवेली । यह बंधन क्या करूँ बखान ॥४॥	धनसम्पत्तिविपणिभवनानि । किं वर्णयेयं इदं बन्धनम् ॥४॥
चौलड़ पचलड़ सतलड़ रसरी । बाँध लिया अब बहु बिधि तान ॥५॥	चतस्रपञ्चसप्तमालाभिश्च निर्मितं रज्जुम् । अबध्नात् दृढतया इदानीम् ॥५॥
कैसे छूटन होय तुम्हारा । गहरे खूँटे गड़े निदान ॥६॥	कथं भवेत् तव मुक्तिः । गाढकीलकाः अनिवेशयन् निदाने ॥६॥
मरे बिना तुम छूटो नाहीं । जीते जी तुम सुनो न कान ॥७॥	न मुञ्चे: मृत्युं विना त्वम्। जीविते न श्रृणोषि अवधानेन ॥७॥
जगत लाज और कुल मरजादा । यह बंधन सब ऊपर ठान ॥८॥	जगत: लज्जां कुलमर्यादाञ्च । अवबोध सर्वोपरि इदं बन्धनम् ॥८॥
लीक पुरानी कभी न छोड़ो । जो छोडो तो जग की हान ॥९॥	न कदापि त्यज पुरापरम्पराम् । त्यजेः चेत्तर्हि जगतः हानि: ॥९॥
क्या क्या कहूँ बिपति मैं तुम्हरी । भटको जोनी भूत मसान ॥१०॥	किं किं कथयेयं विपत्तिं तव । मार्गात् परिभ्रंशिष्यसे भूतपिशाचेव ॥१०॥
तुम तो जगत सत्य कर पकड़ा । क्योंकर पावो नाम निशान ॥११॥	जगत् सत्यम् इति गृहीतं त्वया । कथं प्राप्नुयाः परिचयम् ॥११॥
बेड़ी तौक़ हथकड़ी बाँधे । काल कोठरी कष्ट समान ॥१२॥	निगडेन कण्ठस्यलोहमयगोलेन श्रृङ्खलया च बद्धः । कष्टं कालकोष्ठे वासेव ॥१२॥
काल दुष्ट तुम बहु बिधि बाँधा । तुम खुश होके रहो ग़लतान ॥१३॥	दुष्टकाल: अबध्नात् त्वां बहुविधिना । प्रसन्नीभूय त्वमसि भ्रमे ॥१३॥
ऐसे मूरख दुख सुख जाना । क्या कहूँ अजब सुजान ॥१४॥	ईदृशः मूर्खाः दुखं सुखमिति अनुभवन्ति । किं कथयेयं अद्भुतचतुराः ॥१४॥
शरम करो कुछ लज्जा ठानो । नहिं जमपुर का भोगो डान ॥१५॥	कुरु लज्जां धर त्रपां च किंचित् । अन्यथा भुङ्क्तात् यमपुरस्य दण्डम् ॥१५॥
राधास्वामी सरन गहो अब । तौ कुछ पाओ उनसे दान ॥१६॥	अधुना गृहाण रा धा/ध: स्व आ मीशरणम् । तदा प्राप्नुयाः किंचित् दानं तेभ्य: ॥१६॥

सारबचन पेज 285 ॥ बचन १५ ॥ शब्द आठवाँ ॥ चेत चल जगत से बौरे	
हिंदी	संस्कृत
चेत चल जगत से बौरे । कपट तज गहो गुरू सरना ॥१॥	हतकः चल चैतन्यीभूय जगतः । गृहाण गुरुशरणं त्यक्त्वा कपटम् ॥१॥
फिरे ग़ाफ़िल तू मदमाता । अन्त सिर पीट कर मरना ॥२॥	भ्रमसि विस्मृतः मदोन्मत्तश्च । अन्ते मरणं शिरः ताडनेन ॥२॥
लगे नहिं हाथ कुछ तेरे । कुटँब के साथ क्यों पिलना ॥३॥	न किमपि हस्तगतं भवेत् तव। कथं पचसि कुटम्बेन सह ॥३॥
चार दिन के सँगाती यह । बटाऊ फिर नहीं मिलना ॥४॥	चतुर्दिनानां मित्राणि एतानि । न पुन: मेलिष्यति पथिकः ॥४॥
रहो हुशियार जग ठग से । बचा पूँजी कमर कसना ॥५॥	चैतन्यं भव वञ्चकजगतः । संपत्तिं संरक्ष्य कटिं सुस्थरी कुरु ॥५॥
मुसाफ़िर हो गुरू सँग लो । नाम शमशेर कर गहना ॥६॥	पथिक असि कुरु गुरुसङ्गम् । गृहाण कृपाणं हस्ते ॥६॥
सुरत को तान गगना में । पकड़ धुन बान घट रहना ॥७॥	तनु आत्मानं गगने । बाणध्वनिं गृहीत्वा घटे वस ॥७॥
काल की घात से बचकर । गहो राधास्वामी के चरना ॥८॥	कालस्य आघातात् संरक्ष्य । रा धा/ध: स्व आ मीचरणौ गृहाण ॥८॥

सारबचन पेज 286 ॥ शब्द नवाँ ॥ तजो मन यह दुख सुख का धाम	
हिंदी	संस्कृत
तजो मन यह दुख सुख का धाम । लगो तुम चढ़ कर अब सतनाम ॥१॥	मनः त्यजतु दुःखसुखयो धाममिदम् । अधुना त्वमधिरुह्य युङ्क्ष्व सतनामपदम् ॥१॥
दिना चार तन संग बसेरा । फिर छूटे यह ग्राम ॥२॥	चतुर्दिवसपर्यन्तं वासं देहेन सह । तदनन्तरं मुच्यते देहोऽयम् ॥२॥
धन दारा सुत नाती कहियन । यह नहिं आवें काम ॥३॥	धनस्त्रीसुतपौत्राः उच्यन्ते । न प्रयोजनं एतेषाम् ॥३॥
स्वाँस दुधारा नित ही जारी । एक दिन खाली चाम ॥४॥	श्वासोच्छ्वासौ चलतः नित्यम् । एकदा रिक्तं भवति देहः ॥४॥
मशक समान जान यह देही । बहती आठो जाम ॥५॥	जलपूर्णचर्मस्यूतवत् जानीहि शरीरमिदम् । चलति अष्टप्रहरेषु ॥५॥
तू अचेत ग़ाफ़िल हो रहता । सुने न मूल कलाम ॥६॥	अचेतः त्वं प्रमत्तोऽसि । न श्रृणोषि मूलशब्दम् ॥६॥
माया नारि पड़ी तेरे पीछे । क्यों नहिं छोड़त काम ॥७॥	मायानारी अनुसरति त्वाम् । कथं न त्यजसि कामम् ॥७॥
बिन गुरु दया छुटो नहिं या से । भजो गुरू का नाम ॥८॥	गुरोः दयां विना न मुञ्चनम् एतस्याः । भज् गुरुनाम ॥८॥
गुरु का ध्यान धरो हिरदे में । मन को राखो थाम ॥९॥	धर गुरोः ध्यानं हृदये । रुन्द्धि मनः ॥९॥
वे दयाल तेरी दया बिचारें । दम दम करें सहाम ॥१०॥	सः दयालुः कुर्यात् दयां त्वयि । अत्युत्साहेन कुर्यात् दयाम् ॥१०॥
छोड़ भोग क्यों रोग बिसावे । या में नहिं आराम ॥११॥	त्यज भोगान् कथं क्रीणासि रोगान् । न विश्रामः अस्मिन्॥११॥
गुरु का कहना मान पियारे । तौ पावे बिसराम ॥१२॥	प्रियः मनुष्व गुरुकथनम्। प्राप्स्यसि विश्रामं तदा॥१२॥
दुख तेरा सब दूर करेंगे । देंगे अचल मुक़ाम ॥१३॥	हरिष्यन्ति तव सर्वं दुःखम् । दास्यन्ति अचलपदम् ॥१३॥
राधास्वामी कहत सुनाई । खोज करो निज नाम ॥१४॥	कथयन्ति रा धा/धः स्व आ मीदयालवः श्रावयित्वा । अनवेषय निजनाम ॥१४॥

सारबचन पेज 286 ॥ शब्द दसवाँ ॥ देखो सब जग जात बहा	
हिंदी	संस्कृत
देखो सब जग जात बहा ॥टेक॥	पश्य प्रवहति सर्वजगत् ॥टेक॥
देख देख मैं गति या जग की । बार बार यों बर्ण कहा ॥१॥	संपश्य संपश्य गतिं अस्य जगत अहम् । पुन: पुनः वर्णयित्वा अकथमेवम् ॥१॥
चारों जुग चौरासी भोगी । अति दुख पाया नर्क रहा ॥२॥	चतुर्युगेषु चतुरशीतियोनिषु वासम् । अति दुःखमाप्तम् नरकं जातम् ॥२॥
जन्म जन्म दुख पावत बीते । एक छिन कहीं न चैन लहा ॥३॥	दुःखे व्यतीतानि अनेकानि जन्मानि । न आप्तं सुखं कुत्रापि क्षणं यावत् ॥३॥
पाप पुन्य बस बिपता भोगी । नहिं सतगुरु का चरन गहा ॥४॥	पापपुण्यवशात् भुक्ता विपदा । न गृहीतौ सद्गुरुचरणौ ॥४॥
अब यह देह मिली किरपा से । करो भक्ति जो कर्म दहा ॥५॥	कृपया प्राप्तः देहोऽयम् । कुरु भक्तिं कर्मणां विनाशाय ॥५॥
अब की चूक माफ़ नहिं होगी । नाना बिधि के कष्ट सहा ॥६॥	अस्मिन् समये कृतात्रुटि: न क्षम्या । अनेककष्टान् सहिष्यसे ॥६॥
ग़फ़लत छोड़ भुलाओ जग को । नाम अमल अब घोट पियो ॥७॥	त्यज प्रमादं विस्मर जगत् । नाम्नः मदं संघट्य पिब ॥७॥
मन से डरो करो गुरु सेवा । राधास्वामी भेद दिया ॥८॥	बिभीहि मनसः कुरु गुरुसेवाम् । भेदं दत्तवन्तः रा धा/ध: स्व आ मीदयालवः ॥८॥

सारबचन पेज 288 ॥ शब्द ग्यारहवाँ ॥ कोई मानो रे कहन हमारी	
हिंदी	संस्कृत
कोई मानो रे कहन हमारी ॥टेक॥	अयि कश्चित् मन्वीत नः कथनम् ॥टेक॥
जो जो कहूँ सुनो चित देकर । गों की कहूँ तुम्हारी ॥१॥	यो यो कथयामि श्रूयादवधानेन । कथयामि तव हिते ॥१॥
जग के बीच बँधे तुम ऐसे । जैसे सुवना नलनी धारी ॥२॥	जगति बद्धः त्वमीदृक् । यथा शुकं गृहणाय वशीकरणयन्त्रम् ॥२॥
मरकट सम तुम हुए अनाड़ी । मुट्ठी दीन फँसा री ॥३॥	वानरवत् त्वं मूर्खः जातः । मुष्टिं दत्वा बद्धीभूतः ॥३॥
और मीना जिह्वारस माती । काँटा जिगर छिदा री ॥४॥	मत्स्यश्च यथा जिह्वारसाय उन्मत्ता । कण्टकं विध्यते हृदयम् ॥४॥
गज सम मूरख हुए इस बन में । झूठी हथिनी देख बँधा री ॥५॥	गजवत् मूर्खः संजातः संसारेऽस्मिन् । मिथ्या हस्तिनीं पश्य बद्धीभूतः ॥५॥
क्या क्या कहूँ काल अन्याई । बहु बिधि तुमको फाँस लिया री ॥६॥	किं किं कथयेयं निष्ठुरकालः । अपाशयत् बहुविधिना त्वाम् ॥६॥
तुम अनजान मर्म नहिं जाना । छल बल कर इन फाँस लिया री ॥७॥	त्वमज्ञः न ज्ञातं मर्मम् । बन्धितवान् कालः छलेन बलेन च ॥७॥
छूटन की बिधि नेक न मानो । क्योंकर छूटन होय तुम्हारी ॥८॥	न मनुषे मुक्ते उपायम् । कथं भवेत् तव मुक्तिः ॥८॥
सतगुरु संत हुए उपकारी । उनका संग करो न सम्हारी ॥९॥	सद्गुरुः सन्त उपकर्ता । कथं न करोषि तेषां सङ्गं सावधानतया ॥९॥
वह दयाल अस जुगत लखावें । कर दें तुम छुटकारी ॥१०॥	सः दयालुः ईदृशीं युक्तिं अवबोधयन्ति । मोचयन्ति त्वाम् ॥१०॥
पाँच तत्त गुन तीन जेवरी । काटें पल पल बंधन भारी ॥११॥	पंचतत्त्वानि त्रयगुणानां रज्जुश्च । कृन्तन्ति बृहद्बन्धनं प्रतिपलम्॥११॥
उनकी संगत करो भर्म तज । पाओ तुम गति न्यारी ॥१२॥	परित्यज्य भयं कुरु तेषां सङ्गम् प्राप्स्यसि त्वं कालातीतां गतिम्॥१२॥
जक्त जाल सब धोखा जानो । मन मूरख सँग कीन्हीं यारी ॥१३॥	मनुष्व सर्वं जगज्जालं प्रपञ्चम् मूर्खेण मनसा साकं कृता मित्रता ॥१३॥
इसका संग तजो तुम छिन छिन । नहिं यह लेगा जान तुम्हारी ॥१४॥	त्यज अस्य सङ्गं प्रतिक्षणम् अन्यथा हनिष्यति त्वाम् ॥१४॥
अपने घर से दूर पड़ोगे । चौरासी के धक्के खा री ॥१५॥	निज धाम्नः दूरं भविष्यसि धक्कायन्ते चतुरशीति योनिषु॥१५॥
बड़ी कुगति में जाय पड़ोगे । वहाँ से तुमको कौन निकारी ॥१६॥	प्राप्स्यसि अतिदुर्दशाम् । तत्रतः कः निष्कासयिष्यति त्वाम्॥१६॥

ता ते अब ही कहना मानो । राधास्वामी कहत बिचारी ॥१७॥	अतः मनुष्व कथनं अधुना कथयन्ति राधास्वामी दयालवः विचार्य॥१७॥

सारबचन पेज 290 ॥ शब्द बारहवाँ ॥ अटक तू क्यों रहा जग में	
हिंदी	संस्कृत
अटक तू क्यों रहा जग में । भटक में क्या मिले भाई ॥१॥	विरमसि कथं त्वं जगति । मार्गात् परिभ्रंशने किं प्राप्स्यसि भ्राता ॥१॥
खटक तू धार अब मन में । खोज सतसंग में जाई ॥२॥	स्व मनसि धर कल्याणस्य चिन्ताम् इदानीम् । कुरु अन्वेषणं गत्वा सत्सङ्गे ॥२॥
बिरह की आग जब भड़के । दूर कर जक्त की काई ॥३॥	यदा उद्दीपयेत् विरहाग्निः । दूरं कुरु जगतः मालिन्यम् ॥३॥
लगा ले लगन सतगुरु से । मिले फिर शब्द लौ लाई ॥४॥	धर आसक्तिः सद्गुरौ । प्राप्येत् शब्दः तन्मयीभूय पुनः ॥४॥
छुटेगा जन्म और मरना । अमर पद जाय तू पाई ॥५॥	मोक्ष्यतः जन्म च मृत्युश्च । अमरपदं प्राप्स्यसि त्वं गत्वा ॥५॥
भाग तेरा जगे सोता । नाम और धाम मिल जाई ॥६॥	तव शयानः भाग्यं जागृयाः । प्राप्येत् नाम च धाम च ॥६॥
कहूँ क्या काल जग मारा । जीव सब घेर भरमाई ॥७॥	किं कथयेयं कालः अहन् जगत् । परिक्राम्य सर्वान् जीवान् भ्रमितवन्तः ॥७॥
नहीं कोइ मौत से डरता । ख़ौफ़ जम का नहीं लाई ॥८॥	न कोऽपि बिभेति मरणात् । न करोति यमस्य भयम् ॥८॥
पड़े सब मोह की फाँसी । लोभ ने मार धर खाई ॥९॥	सर्वे अपाशयन् मोहे । लोभेन हत्वा खादितः ॥९॥
चेत कहो होय अब कैसे । गुरू के संग नहिं धाई ॥१०॥	कथयतु कथं भवेत् चैतन्यम् इदानीम् । नानुसरति गुरुम् ॥१०॥
काम और क्रोध बिच बिच में । जीव से भाड़ झोंकवाई ॥११॥	काले काले कामक्रोधौ । व्यर्थं कार्यं कारयतः जीवेन ॥११॥
गुरू बिन कोइ नहीं अपना । जाल यह कौन तुड़वाई ॥१२॥	गुरुं विना न कोऽपि स्वकीयः । कः त्रोटयिष्यति पाशम् इमम् ॥१२॥
कुटुम्ब परिवार मतलब का । बिना धन पास नहिं आई ॥१३॥	स्वार्थस्य कुटुम्बपरिवारश्च । धनं विना नागच्छन्ति समीपम् ॥१३॥
कहाँ लग कहूँ इस मन को । उन्हीं से माँस नुचवाई ॥१४॥	कियत् पर्यन्तं कथयेयं इदं मनः । उल्लुञ्चयन्ते आमिषं तैः ॥१४॥
गुरू और साध कहे बहु बिधि । कहन उनकी न पतियाई ॥१५॥	कथयन्ति गुरुसाधगुरुश्च बहुविधिना । तेषु वचनेषु न विश्वसन्ति ॥१५॥
मेहर बिन क्या कोई माने । कही राधास्वामी यह गाई ॥१६॥	कृपां विना कथं कोऽपि मनुते । कथितवन्तः रा धा/धः स्व आ मी दयालवः गीत्वा अयम् ॥१६॥

सारबचन पेज 292 ॥ शब्द तेरहवाँ ॥ मिली नर देह यह तुमको	
हिंदी	संस्कृत
मिली नर देह यह तुमको । बनाओ काज कुछ अपना ॥१॥	अयं नरदेह: प्राप्त: त्वया । स्व किमपि प्रयोजनं सिद्धं कुरु ॥१॥
पचो मत आय इस जग में । जानियो रैन का सुपना ॥२॥	खिन्न: मा भव आगत्य अस्मिन् जगति । जानीहि रात्रिस्वप्नवत् ॥२॥
देह और ग्रेह सब झूठा । भर्म में काहे को खपना ॥३॥	देहः गृहं च सर्वं मिथ्या । कथं व्यथितः भ्रमे ॥३॥
जीव सब लोभ में भूले । काल से कोइ नहीं बचना ॥४॥	सर्वे जीवा: विस्मृताः लोभे । न कोऽपि रक्षितः कालात् ॥४॥
तृष्णा अग्नि जग जारा । पड़ा सब जीव को तपना ॥५॥	जगत् ज्वलति तृष्णा अग्नौ । सर्वे जीवाः तपन्ति ॥५॥
नहीं कोइ राह बचने की । जलें सब नर्क की अगिना ॥६॥	न कोऽपि मार्ग: रक्षितुम् । सर्वे ज्वलन्ति नरकाग्नौ ॥६॥
जलेंगे आग में निस दिन । बहुरि भोगें जनम मरना ॥७॥	ज्वलिष्यन्ति अग्नौ प्रतिदिनम् । पुन: भोक्ष्यन्ति जन्ममृत्युं च ॥७॥
भटकते वे फिरें खानी । नहीं कुछ ठीक उन लगना ॥८॥	परिभ्रंशन्ते ते चतुर्योनिषु । न किमपि अनुकूल: तेषाम् ॥८॥
कहूँ क्या दुक्ख वह भोगें । कहन में आ नहीं सकना ॥९॥	किं कथयेयं भुञ्जन्ति दु:खं ते । वर्णयितुं न शक्यते ॥९॥
दया कर संत और सतगुरु । बतावें नाम का जपना ॥१०॥	दयां धार्य संत सद्गुरुश्च । निर्दिशन्ति नाम्न: स्मरणम् ॥१०॥
न माने जुक्ति यह उनकी । सुरत और शब्द का गहना ॥११॥	न मनुते अयं तेषाम् इयं युक्तिम् । सुरतशब्दयोश्च ग्रहणम् ॥११॥
बिना सतगुरु बिना करनी । छुटे नहिं खान का फिरना ॥१२॥	सद्गुरं विना कर्म विना च । न मुच्यते चतुर्योनिषु परिभ्रंशनम् ॥१२॥
कहाँ लग में कहूँ उनको । कोई नहिं मानता कहना ॥१३॥	कियत् पर्यन्तं वदेयम् अहं तान् । न कोऽपि मनुते कथनम् ॥१३॥
हुए मनमुख फिरें दुख में । बचन गुरु का नहीं माना ॥१४॥	जाताः मनोन्मुखा: भ्रमन्ति दु:खे च । न स्वीकृतं गुरुवचनम् ॥१४॥
पुजावें आपको जग में । गुरू की सेव नहिं करना ॥१५॥	जगति स्वपूजां कारयन्ति । न सेवन्ते गुरुम् ॥१५॥
फ़िकर नहिं जीव का अपने । पड़ेगा नर्क में फेंकना ॥१६॥	न स्वकीय जीवस्य चिन्ता । क्षिप्यते नरके ॥१६॥
समझ कर धार लो मन में ।	संबोध्य धारयेत् मनसि ।

कहें राधास्वामी निज बचना ॥१७॥	कथयन्ति रा धा/ध: स्व आ मी दयाल्या स्व वचनम् ॥१७॥

सारबचन पेज 294 ॥ शब्द चौदहवाँ ॥ यहाँ तुम समझ सोच कर चलना	
हिंदी	संस्कृत
यहाँ तुम समझ सोच कर चलना ॥टेक॥	अत्र त्वं प्रबुध्य चलेत् ॥टेक॥
यह तो राह बड़ी अति टेढ़ी । मन के साथ न पड़ना ॥१॥	मार्गोऽयं अतिकुटिलः। मनसा सह न प्रवहेत् ॥१॥
भौजल धार बहे अति गहरी । बिन गुरु कैसे पार उतरना ॥२॥	भवसागरस्य प्रवहति अतिगहनाधारा । गुरुं विना कथं संतरेत् पारम् ॥२॥
गुरु से प्रीति करो तुम ऐसी । जस कामी कामिन सँग धरना ॥३॥	गुरुणा साकं कुरु ईदृशीं प्रीतिम् । यथा कामुकस्य कामिन्या सह ॥३॥
संग करो चेटक चित राखो । मन से गुरु के चरन पकड़ना ॥४॥	संगं कुरु चित्ते धर भयम् । मनसा गृह्णीष्व गुरुचरणौ ॥४॥
छल बल कपट छोड़ कर बरतो । गुरु के बचन समझना ॥५॥	छलबल कपटानि च त्यक्त्वा व्यवहरेत् । गुरुवचनानि संबुध्याः ॥५॥
डरते रहो काल के भय से । ख़बर नहीं कब मरना ॥६॥	बिभीयात् कालस्य भयात् । न ज्ञातं कदा मरणं भवेत ॥६॥
स्वाँसो स्वाँस होश कर बौरे । पल पल नाम सुमिरना ॥७॥	हतकः प्रतिक्षणं चैतन्यं भव । प्रतिपलं स्मरेत् नाम ॥७॥
यहाँ की ग़फ़लत बहुत सतावे । फिर आगे कुछ नहिं बन पड़ना ॥८॥	इतः कृता त्रुटिः पीडयति बहु । अग्रे पुनः न किमपि लभेत् ॥८॥
जो कुछ बने सो अभी बनाओ । फिर का कुछ न भरोसा धरना ॥९॥	यत् किमपि सम्भवं कुरु इदानीम्। अग्रे किं भवेत् मा कुरु विश्वासम् ॥९॥
जग सुख की कुछ चाह न राखो । दुख में इसके दुखी न रहना ॥१०॥	जगतः सुखस्य तृष्णां मा कुरु । अस्याः दुःखे दुःखी न भूयात् ॥१०॥
दुख की घड़ी ग़नीमत जानों । नाम गुरू का छिन छिन भजना ॥११॥	दुःखकालं जानीहि शुभं समाचारम् । स्मरेत् गुरुनाम प्रतिपलम ॥११॥
सुख में ग़ाफ़िल रहत सदा नर । मन तरंग में दम दम बहना ॥१२॥	नरः सुखी प्रमादी भवति सदा । मनसः तरंगेषु प्रवहति अत्युत्साहेन ॥१२॥
ताते चेत करो सतसंगत । दुख-सुख-नदियाँ पार उतरना ॥१३॥	अतः कुरु सत्संगं चैतन्यीभूय । संतरेत् दुःखसुखयोः नदीभ्यः ॥१३॥
अपना रूप लखो घट भीतर । फिर आगे को सूरत भरना ॥१४॥	ईक्षस्व निजरूपं घटे । पुनः अग्रे प्रवेशयेत् आत्मानम् ॥१४॥
राधास्वामी कहें बुझाई । शब्द गुरू से जाकर मिलना ॥१५॥	बोधयन्ति रा धा/धः स्व आ मी दयालवः । शब्दगुरुणा सह मेलनं कुर्यात् ॥१५॥

सारबचन पेज 296 ॥ शब्द पन्द्रहवाँ ॥ मन रे क्यों गुमान अब करना	
हिंदी	संस्कृत
मन रे क्यों गुमान अब करना ॥टेक॥	रे मनः कथं कुर्यात् दर्पमधुना
तन तो तेरा खाक मिलेगा । चौरासी जा पड़ना ॥१॥	तव तनुः तु मृत्तिकायां मेलिष्यति । पतिष्यसि चतुरशीत्याम् ॥१॥
दीन ग़रीबी चित में धरना । काम क्रोध से बचना ॥२॥	दैन्य दारिद्रयञ्च चित्ते धर । दूरी भव कामक्रोधाभ्याम ॥२॥
प्रीति प्रतीति गुरू की करना । नाम-रसायन घट में जरना ॥३॥	प्रीतिः प्रतीतिश्च कुर्या: गुरुणा साकम् । घटे पच नाम रसायनम् ॥३॥
मन मलीन के कहे न चलना । गुरु का बचन हिये बिच रखना ॥४॥	मलिन मनसा सह मा चल । हृदये धर गुरुवचनम् ॥४॥
यह मतिमन्द गहे नहिं सरना । लोभ बढ़ाय उद्र को भरना ॥५॥	तुच्छबुद्धिः इदं मनः न गृह्णाति गुरुशरणम् । पूरयति उदरम् लोभं संवर्द्धय ॥५॥
तुम मानो मत इसका कहना । इसके संग जक्त बिच गिरना ॥६॥	मा अनुसर अस्य कथनम् । अनेन सह पतिष्यति जगत: मध्ये ॥६॥
इस मूरख को समझ पकड़ना । गुरु के चरन कभी न बिसरना ॥७॥	इदं मूर्खं गृह्णीष्व प्रबुध्य । मा विस्मर्या: गुरुचरणौ कदापि ॥७॥
गुरु का रूप नैन में धरना । सुरत शब्द से नभ पर चढ़ना ॥८॥	धर गुरुस्वरूपं नेत्रयोः । सुरतशब्देन नभसि अरोहेत् ॥८॥
राधास्वामी नाम सुमिरना । जो वह कहें चित्त में धरना ॥९॥	जप रा धा/ध: स्व आ मी नाम । यो कथयेत् तं धरेत् चित्ते ॥९॥

सारबचन पेज 297 ॥ शब्द सोलहवाँ ॥ जोड़ो री कोइ सुरत नाम से	
हिंदी	संस्कृत
जोड़ो री कोइ सुरत नाम से ॥टेक॥	अयि युञ्ज्यात् कोऽपि सुरतनाम्ना ॥टेक॥
यह तन धन कुछ काम न आवे । पड़े लड़ाई जाम से ॥१॥	न किमपि प्रयोजनं अस्य तनोः धनस्य च । यमेन सह कलहे वसनम् ॥१॥
अब तो समय मिला अति सुन्दर । सीतल हो बच घाम से ॥२॥	साम्प्रतं अतिसुन्दरसमयः प्राप्तः। शीतलं भूयात् रक्ष्यात् स्वकीयं जगतः दाहात् ॥२॥
सुमिरन कर सेवा कर सतगुरु । मनहिं हटाओ काम से ॥३॥	स्मरणं कुर्यात् गुरोः सेवां च कुर्यात् । अपसरेत् मनः कामात् ॥३॥
मन इन्द्री कुछ बस कर राखो । पियो घूँट गुरु जाम से ॥४॥	मनेन्द्रियानि किञ्चित् नियन्त्रणे कुर्यात् । पेयात् चलुकं गुरोः चषकात् ॥४॥
लगे ठिकाना मिले मुक़ामा । छूटो मन के दाम से ॥५॥	लभेत अधिष्ठानं प्राप्यात् विरामस्थलम् । मुञ्चेत् मनसः पाशात् ॥५॥
भजन करो छोड़ो सब आलस । निकर चलो कलि ग्राम से ॥६॥	कुरू भजनं त्यज सर्वम् आलस्यम् । निर्गच्छ कलिग्रामात् ॥६॥
दम दम करो बेनती गुरु से । वही निकारें तने चाम से ॥७॥	आत्मना आह्वानं कुरु गुरुम् । सैव निष्कासयिष्यति देहात् ॥७॥
और उपाव न ऐसा कोई । रटन करो सुबह शाम से ॥८॥	नान्यः ईदृग् उपायः कोऽपि । कुरु स्मरणं प्रातः सायम् च ॥८॥
प्रीति लाय नित करो साध सँग । हट रहो जग के खासो आम से ॥९॥	कुरु साधपुरुषाणां सङ्गं प्रीत्या नित्यम् । अपसरेत् जगतः निकृष्ट प्रतिष्ठितेभ्यजनेभ्यश्च ॥९॥
राधास्वामी कहें सुनाई । लगो जाय सत्तनाम से ॥१०॥	कथयन्ति रा धा/धः स्व आ मी दयालवः श्रावयित्वा । युङ्क्ष्व सत्त नाम्ना ॥१०॥

सारबचन पेज 298-300 ॥ शब्द सत्रहवाँ ॥ जक्त से चेतन किस विधि होय	
हिंदी	संस्कृत
जक्त से चेतन किस विधि होय । मोह ने बाँध लिया अब मोहि ॥१॥	जगतः चैतन्यं केन विधिना भूयात् । मोहेन बद्धः मामधुना ॥१॥
बेड़ियाँ भारी पड़ती जायँ । फाँसियाँ करड़ी लागीं आय ॥२॥	शृङ्खलाः भारयुक्ताः भवन्ति । पाशाः दृढतया संलग्नाः ॥२॥
जाल अब चौड़े बिछ गये आय । चाट अब सुख की कुछ कुछ पाय ॥३॥	पृथुः जालानि प्रसारितानि इदानीम् । सम्प्रति सुखस्य आस्यादः किंचिद् प्राप्य ॥३॥
दुक्ख अब पीछे होगा आय । खबर नहिं उसकी कौन बताय ॥४॥	पश्चात्तापं भविष्यति अनन्तरम् । तस्य न ज्ञानं कः वदेत् ॥४॥
पड़ेगी भारी एक दिन भीड़ । सहेगा नाना बिधि की पीड़ ॥५॥	एकस्मिन् दिने आपद् दास्यति कष्टम्। सहिष्यते पीडां अनेकविधीनाम् ॥५॥
करेगा पछतावा जब बहुत । अभी तो सुनता नहिं दिन खोत ॥६॥	तदा करिष्यति बहु पश्चात्तापम् । साम्प्रतं न श्रृणोति नश्यति दिवसान् ॥६॥
याद नहिं लाता अपनी मौत । रात दिन ग़फ़लत में पड़ा सोत ॥७॥	न स्मरति स्व मरणम् । अहर्निशं प्रमादे शेते ॥७॥
कहे में मन के चलता बहुत । भरे है दिन भर जग का पोत ॥८॥	मनसः इच्छायां बहु चलति । सर्व दिवसं यावत् लौकिक कार्येषु व्यस्तः ॥८॥
रात को सोता खाट बिछाय । होश नहिं कल को क्या हो जाय ॥९॥	रात्रौ शेते शय्यायां प्रसार्य निश्चिंतीभूय । अचेतनः न जानाति श्व किं भवेत् ॥९॥
काल ने मारा कर कर जेर । कर्म ने खूँदा धर धर पैर ॥१०॥	काल अहनत् अधः निपात्य । कर्म अपिनड् दृढपादाभ्याम् ॥१०॥
तमोगुन छाय गया घट माहिं । खबर सब भूल गया यहाँ आय ॥११॥	तमस् गुणः व्याप्तः घटे । सर्वा: वार्ता: विस्मृता: अत्रागत्य ॥११॥
संत और सतगुरु रहे चिताय । बचन उन मन में नहीं समाय ॥१२॥	संतसद्गुरुश्च चैतन्यं कुर्वन्ति । तेषां वचनानि न समाविशंति मनसि ॥१२॥
भजन और सुमिरन दिया बिसराय । प्रीति भी उन चरनन नहिं लाय ॥१३॥	भजनं स्मरणञ्च विस्मृतौ । न करोति प्रीतिं तेषां चरणयोः ॥१३॥
कहो कस छूटे जम की घात । भोग और सोग लगे दिन रात ॥१४॥	कथयेत् कथं मुञ्चेत् यमस्य आघाततः । अहर्निशं संलिप्तः विषयभोगेषु शोकेषु च ॥१४॥
गुरू बिन कौन छुड़ावे ताय । हुआ यह कैदी बहु बिधि आय ॥१५॥	गुरुं विना कः मोचयति तम् । जातोऽयं बन्दी बहुविधिभिः आगत्य ॥१५॥
बिना सतसंग और बिन नाम । न पावे कबही अपना धाम ॥१६॥	सत्संगं बिना नाम बिना च । कदापि न प्राप्स्यसि निजदेशम् ॥१६॥

कही राधास्वामी यह गति गाय । सरन ले संत की तू जाय ॥१७॥	रा धा/ध: स्व आ मी दयालवः इमां गतिं गीत्वा अकथयन् । गच्छ त्वं सन्तशरणम् ॥१७॥